कार्यालय प्राचार्य शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज
जिला –बलरामपुर–रामानुजगंज(छ0ग0)
(संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबध्दता प्राप्त)

Website – glspgcr.in Email – cgglsc@gmail.comPhone/Fax -07779-276361,8839985200

क्रमांक/287/स्था./2025 रामानुजगंज दिनांक 29.07.2025

// संशोधित अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन हेतु विज्ञापन//

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 289/01/आउशि/राज.स्था./2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23.07.2025 एवं छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक File No. : ESTB-1027/1216/2025/38-1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23/07/2025 अतिथि व्याख्याता निति 2024 के अनुसार शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज में अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक एवं क्रीड़ा अधिकारी के व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक/क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 11.08.2025 को सायं 04:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवदेन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

रिक्त पदों का विवरण

क्र.	विषय	प्राध्यापक	सहा. प्राध्यापक	रिमार्क
1	समाजशास्त्र	00	01	
2	राजनीतिशास्त्र	01	00	
3	रसायनशास्त्र	00	01	
4	भौतिक	00	01	
5	वाणिज्य	00	01	
6	अंग्रेजी	00	01	
	योग–	**01**	**05**	
07	क्रीड़ा अधिकारी	**01**		

आवश्यक अर्हतायें एवं नियम तथा शर्तेः–

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं,स्नातक,स्नातकोत्तर, पी–एच डी., नेट/सेट, एम.फिल. एवं अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 11,08.2025 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।
3. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखे।
4. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित मापदण्ड /अतिथि व्याख्याता नीति–2024 के अनुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

Rang

Scanned with OKEN Scanner

5 अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित मापदण्ड /अतिथि व्याख्याता नीति–2024 के अनुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

6 प्राप्त आवेदनों की पदवार अंनतिम मेरिट सूची का प्रकाशन **दिनांक 13.08.2025** को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट www.glspgcr.in पर प्रकाशित किया जायेगा।

7 गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम मेरिट सूची में दावा आपत्ति की तिथि **16.08.2025** तक होगी।

8 दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात अनंतिम सूची का प्रकाशन **दिनांक 18.08.2025** को किया जावेगा। जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

9 चयन होने पर नियुक्ति के समय आवेदक को समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत करने होगें साथ ही अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय /अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।

10 आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

11 अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

12 इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

13 .कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्याकंन, नैक मूल्याकंन संबंधी कार्यो में भी सहयोग प्रदान करेंगे।

14 तत्संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग एवं माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित आदेश मान्य होंगे।

15 **आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अतिथि व्याख्याता नियमावली महाविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड है।**

Rose

(श्रीमती रोस लिली बड़ा)
प्राचार्य
शा० लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ०ग०)
रामानुजगंज दिनांक 29.07.2025

प्राचार्य
गास. लरंगसाय पी.जी. महाविद्यालय रामानुजगंज
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज

पृ. क्रमांक/ /स्था./2025
प्रतिलिपिः–

1 आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ।
2 क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर को सूचनार्थ।
3 कलेक्टर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचनार्थ।
4 संबंधित समाचार पत्र–पत्रिका .... में प्रकाशन हेतु।
5 कार्यालयीन प्रति।
6 नोटिस बोर्ड चस्पा व वेबसाईट www.glspgcr.in

Sd/-

(श्रीमती रोस लिली बड़ा)
प्राचार्य
शा० लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ०ग०)

Scanned with OKEN Scanner